# प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण

# पर

# मास्टर परिपत्र

**(30 जून 2007 तक अद्यतन)**

**(यह मास्टर परिपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक की वेब साइट www.rbi.org.in पर भी उपलब्ध है जिसे वहां से डाउनलोड किया जा सकता है।)**

**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**शहरी बैंक विभाग**

**केंद्रीय कार्यालय**

**मुंबई**

**प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण**

**पर**

**मास्टर परिपत्र**

**<u>विषय - वस्तु</u>**


| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऋण का लक्ष्य | 1 |
| 2. | प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्ग अग्रिम का वर्गीकरण | 2 |
| 3. | लघु उद्योंगों को ऋण की आपूर्ति | 2 |
| 4. | अल्प संख्यक समुदायों को ऋण की आपूर्ति | 3 |
| 5. | प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्ग अग्रिमों की देखरेख और मूल्यांकन | 3 |
| 6. | सूचना देने की आवश्यकता | 4 |
| 7. | प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र/कमजोर वर्ग अग्रिमों के लिए रजिस्टर | 4 |
| | • अनुबंध I | 5 |
| | • अनुबंध II | 13 |
| | • अनुबंध III | 14 |
| | • अनुबंध IV | 16 |
| | • अनुबंध V | 24 |
| | • अनुबंध VI | 26 |
| | • अनुबंध VII | 28 |
| | • परिशिष्ट | 32 |

**प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण**

**पर**

**मास्टर परिपत्र**

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मई 1983 में प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए गठित स्थायी सलाहकार समिति नें प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की आवश्यकता का परीक्षण किया था । भारतीय रिज़र्व बैंक ने समिति की सिफारिशें स्वीकार कर ली थीं और तद्नुसार प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्ग को ऋण देने के लक्ष्य निर्धारित किये गए ।

**1. ऋण के लक्ष्य**

1.1 प्राथमिक सहकारी बैंकों पर गठित स्थायी सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्ग को ऋण देने के लिए प्राथमिक सहकारी बैंकों के लिए निम्नानुसार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ।

1.1.1 कुल ऋण और अग्रिम का 60% प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को

1.1.2 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिए कुल अग्रिम का कम से कम 25% (या कुल ऋण और अग्रिमों का 15%) कमजोर वर्ग को

1.2 लघु उद्योग क्षेत्र के सभी घटकों (संयंत्र और मशीनरी में निवेश के आधार पर वर्गीकृत) को ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उप-लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए;

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **संयंत्र और मशीनरी में निवेश** | **कुल एसएसआई अग्रिम में %** |
|---|---|---|---|
| I | कुटीर उद्योग, खादी और ग्रामोद्योग, कारीगर और अति लघु उद्योग | 5 लाख रूपये तक | 40 |
| II | कुटीर उद्योग, खादी और ग्रामोद्योग, कारीगर और अति लघु उद्योग | 5 लाख और 25 लाख रूपये के बीच | 20 |
| III | अन्य एसएसआई इकाइयां | 25 लाख और 100 लाख रूपये के बीच | 40 |

1.3 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को अग्रिम का निर्धारण वेतनभोगी बैंकों के लिए लागू नहीं है ।

1.4 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बैंकों को संगठित रूप से प्रयास करना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो वित्तपोषण किए जानेवाले लाभार्थियों के प्रकार को ध्यान में रखते हुए कार्यप्रणाली और क्रियाविधि को यथोचित रूप से सरल बनाना चाहिए ।

## 2. <u>प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्ग अग्रिमों का वर्गीकरण</u>

2.1 जिन अग्रिमों को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम और कमजोर वर्ग अग्रिमा माना जाता है, उनका उल्लेख अनुबंध I में किया गया है ।

2.2 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र में कमजोर वर्ग 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के अंतर्गत उन लाभार्थियों के रूप में परिभाषित किया गया है, समाज के कमजोर वर्ग के रूप में जिनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए केन्द्र बिन्दु बनाया गया है ।

2.3 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिमों को विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत करने के लिए यह नोट किया जाए कि बैंक उधारकर्ता के ऋण आवेदन में उल्लिखित प्रयोजन पर ही विचार न करें बल्कि शामिल राशि पर भी विचार करें और जहां आवश्यक हो समर्थित दस्तावेजी प्रमाण मंगवाकर इस बात से आश्वस्त हो लें कि उधार दी गई राशि उसी प्रयोजन पर खर्च की जाएगी जिसके लिए ऋण मंजूर किया गया है । उदाहरण के लिए, छोटे व्यापारियों और छोटे व्यावसायियों को ऋण अनिवार्यत: कार्यशील पूंजी के रूप में होंगे और उन्हें प्राथमिक तौर पर उस माल के दृष्टिबंधक या गिरवी रखने पर दिया जाए जिसका वे कारोबार करते हैं । इसलिए यह जरूरी नहीं कि छोटे व्यापारियों, व्यावसायियों को सोने और जवाहरात की जमानत पर दिए गए ऋण उसी में व्यापार या कारोबार करने के लिए हों । उसी तरह, मकान बनाने के लिए ऋण के मामले में बैंक को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि उधारकर्ता के पास जमीन है और मकान का नक्शा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित है या मकान बनाने के लिए वह किसी सहकारी सोसायटी में शामिल हो गया है । जवाहरात की जमानत मात्र से आवेदन फार्म में ऋण लेने का उद्देश्य "हाऊसिंग" लिख देने से बैंक को उसका वर्गीकरण प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम के रूप में नहीं करना चाहिए।

2.4 अत: स्वर्ण आभूषणों की जमानत पर ऋण (ज्वेल ऋण) जो समाज के कमजोर वर्ग द्वारा अधिकतर मामलों में लिया जाता है, ऋण का उद्देश्य और प्रत्येक उधाकर्ता को मंजूर की गई ऋण राशि को, न उसकी जमानत को, प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम और कमजोर वर्ग को दिए गए अग्रिम के वर्गीकरण का मापदंड माना जाना चाहिए ।

## 3. <u>लघु उद्योग को ऋण की आपूर्ति</u>

3.1 बैंकों को अति लघु और लघु उद्योगों की वैध जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण की आपूर्ति को बढ़ाना चाहिए । इस क्षेत्र को ऋण प्रदान करते समय अति लघु उद्योगों को अधिमान्यता दी जानी चाहिए । ऋण देने में अति लघु उद्योगों को अधिमान्यता दिए जाने के अलावा, इकाई की "जरूरतों" के आधार पर निर्धारित दर्जाकृत क्षमता के अनुरूप उसके आरंभिक दौर में ही उसकी संपूर्ण कार्यशील पूंजी सीमा मंजूर की जानी चाहिए। ऋण सहायता के बारे में बैंक का निर्णय शीघ्रातिशीघ्र आवेदनकर्ता को सूचित किया जाना चाहिए । सीमा में वृद्धि करने के अनुरोध पर शीघ्र विचार किया जाना चाहिए और लिया गया निर्णय तत्काल सूचित किया जाना चाहिए ।

3.2 बैंक के अधिकारियों/शाखा प्रबंधकों को, अतिरिक्त रोजगार और निर्यात के अवसर निर्मित करने की दृष्टि से लघु उद्योग के महत्व से अवगत करा देना चाहिए। इस क्षेत्र को सुदृढ़ विकास से लघु उद्योग ऋण की वसूली सुचारू रूप से होगी और समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध होने से खाता अवरूद्ध

(स्टीकी) नहीं होगा। बैंक स्टाफ को उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और उक्त बातों को प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक भाग के रूप में बैंक स्टाफ और लघु उद्योग उधारकर्ता के बीच विचारों का आदान-प्रदान होना चाहिए ।

3.3 बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि लघु उद्योगों/छोटे उधारकर्ताओं से संबंधित सभी ऋण आवेदनों का तत्काल निपटान किया जाता है , सभी बैंकों द्वारा निम्नलिखित मानदंडों का अनुपालन किया जाना चाहिए बशर्ते ऋण संबंधी प्राप्त सभी आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण हों तथा उनके साथ विधिवत जांच सूची, जहां निर्धारित हो, संलग्न हो।

3.3.1 लघु उद्योग/छोटे उधार कर्ताओं आदि के 25,000/- रूपये तक के ऋण आवेदनों को उनकी प्राप्ति की तारीख से दो सप्ताह के अंदर निपटाया जाना चाहिए ।

3.3.2 5 लाख रूपये तक के विधिवत पूर्ण ऋण आवेदनों को उनकी प्राप्ति की तारीख से चार सप्ताह की अवधि में निपटाया जाना चाहिए ।

3.3.3 सभी दृष्टि से परिपूर्ण एवं जांच सूची, जहां निर्धारित हो, के साथ प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों की प्राप्ति की तारीख को ही बैंक/शाखा द्वारा प्राप्ति-सूचना देनी चाहिए ।

3.4 लघु उद्योग मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय के बैंकिंग प्रभाग, सिडबी, आईबीए एवं चयनित बैंकों के साथ परामर्श के आधार पर लघु उद्योग इकाइयों के समूहों में स्थित बैंकों की शाखाओं तथा सिडबी के बीच रणनीतिक समझौता के लिए लघु उद्यम वित्तीय केंद्र (एसईएफसी) की योजना बनाई गई है। बैंकों को अपनी शाखाओं एवं लघु उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पहचान किए गए समूहों में स्थित सिडबी की शाखाओं के बीच बेहतर समन्वय की व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है ताकि सिडबी तथा रणनीतिक पार्टनर बैंक द्वारा तय किए गए परस्पर स्वीकार्य परिचालनात्मक तौर-तरीकों के आधार पर एसएमई क्षेत्र (लघु तथा सेवा क्षेत्र को शामिल करते हुए) को लिए सह-वित्तपोषित किया जा सके।

## 4. <u>अल्प संख्यक समुदायों के लिए ऋण की आपूर्ति</u>

4.1 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत कारीगरों और हस्त शिल्पियों के साथ-साथ अल्प संख्यक समुदाय के सब्जी बेचनेवालों, बैलगाडी चलानेवालों, चर्मकारों आदि को ऋण की आपूर्ति को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय करने चाहिए । इस संबंध में अल्प संख्यक समुदाय में सिख, मुस्लिम, ख्रिश्चियन, जोरोस्ट्रीयन और बुद्धिस्ट शामिल हैं ।प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार के समग्र लक्ष्य तथा कमजोर वर्ग को 25 % के उप-लक्ष्य के भीतर ऋण का न्यायोचित भाग अल्प संख्यक समूदाय को भी मिल रहा है यह सुनिश्चिंति करने के लिए उचित सावधानी बरते।

4.2 बैंकों को संबंधित छमाही की समाप्ति (31 मार्च/30 सितंबर) से 15 दिनों के अंदर इन समुदायों को दिए गए ऋण की प्रगति दर्शाते हुए अनुबंध II में दिए गए फार्मेट में एक अर्ध वार्षिक विवरण उस संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करना चाहिए जिसके क्षेत्राधिकार में वे कार्यरत हैं ।

## 5. <u>प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्ग को प्रदान अग्रिमों की देखरेख और उनका मूल्यांकन</u>

5.1 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों को सिफारिश किए गए उक्त लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कारगर उपाय करने चाहिए और प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र ऋण कीप्रमात्रा और गुणवत्ता की दृष्टि से निगरानी करनी चाहिए।

5.2 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण देने पर यथोचित ध्यान देना सुनिश्चित करने के लिए यह वांच्छनीय है कि कार्यनिष्पादन की आवधिक जांच की जाए । इस प्रयोजन के लिए सामान्य पुनरीक्षा के अलावा जैसे कि बैंक आवधिक आधार पर कर रहें हैं, बैंकों के निदेशक मंडल द्वारा छमाही आधार पर विशिष्ट समीक्षा की जानी चाहिए । तद्नुसार, बैंक उक्त अवधि के दौरान पिछली तिमाही की तुलना में घट-बढ़ दर्शाते हुए बैंक के कार्यनिष्पादन का विस्तृत लेखाजोखा अर्धवार्षिक आधार पर प्रत्येक वर्ष के 30 सितंबर और 31 मार्च को, अनुबंध III में दिए गए प्रोफार्मा में, निदेशक मंडल को प्रस्तुत करें ।

5.3 निदेशक मंडल के प्रेक्षणों के साथ बैंक के कार्यनिष्पादन में सुधार लाने के लिए किए गए प्रस्ताव/उपायों का उल्लेख करके 31 मार्च की स्थिति के अनुसार वार्षिक समीक्षा की एक प्रति भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजी जाए । रिपोर्ट संबंधित अवधि की समाप्ति से एक माह के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय को पहुंच जानी चाहिए ।

## 6. सूचना देने की आवश्यकता

6.1 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों को प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार एक वार्षिक रिपोर्ट अनुबंध IV में दिए गए प्रोफार्मा में रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय को देनी चाहिए। विवरणी संबंधित अवधि की समाप्ति से एक माह के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय पहुंच जानी चाहिए ।

6.2 राज्य महासंघ के सदस्य बैंकों को उक्त विवरणी की एक प्रति संबंधित महासंघ को भेजनी चाहिए ताकि वे बैंक के कार्यनिष्पादन की निगरानी कर सकें ।

6.3 विवरणी के भाग I के स्तंभ 3 से 7 से यह देखा जा सकता है कि प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की प्रत्येक मद में कमजोर वर्ग को दिए गए अग्रिमों को भी शामिल करना है ।

6.4 इसके अलावा, विभिन्न श्रेणियों जैसे कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाएं और अन्य को दिए गए अग्रिमों का विस्तृत ब्योरा देते समय यह सावधानी बरती जाए कि सूचनाएं देने में दोहराव न हो और विवरणी के भाग II के स्तंभ 23 से 27 में दिए गए आंकड़ों को ही भाग I के संबंधित स्तंभ के सामने दर्शाया जाए ।

## 7. प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र/कमजोर वर्ग को दिए अग्रिम के लिए रजिस्टर

संबंधित आंकड़ो के समेकन को सुगम बनाने के लिए बैंक प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की मदों के उल्लेख के लिए एक रजिस्टर रखें तथा दूसरे रजिस्टर में प्रत्येक कार्यकलाप के लिए एक अलग संविभाग बना कर कमजोर वर्ग के अंतर्गत दिए कुल अग्रिमों का ब्योरा दर्ज करें ताकि प्रत्येक कार्यकलाप के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र और कमजोरवर्ग के अंतर्गत दिए गए कुल अग्रिमों की जानकारी किसी भी समय आसानी से उपलब्ध हो सके । इन रजिस्टरों का प्रोफार्मा भारतीय रिज़र्व बैंक को अनुबंध IV मे प्रस्तुत की जानेवाली वार्षिक विवरणी के अनुसार होना चाहिए ।

**अनुबंध - I**

**प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र/कमजोर वर्ग को दिए जाने वाले अग्रिमों की मद-सूची**

[पैरा 2.1 देखें]

**1. प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र**

**1.1 कृषि और कृषि - सहायक कार्यकलाप**

**1.1.1 कृषि कार्यकलापों के लिए व्यक्तियों को अग्रिम देना**

1.1.1.1 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक निम्नलिखित शर्तों के अधीन कृषि कार्यकलापों के लिए वित्त प्रदान कर सकते हैं;

(क) बैंक नियमित सदस्यों को, नाममात्र सदस्यों को नहीं, प्राथमिक कृषि क्रेडिट सोसायटी, और प्राथमिक भूमि विकास बैंक आदि जैसी किसी एजेंसी के मार्फत न देते हुए, सीधे वित्तपोषण प्रदान करेंगे ।

(ख) क्षेत्र में मौजूद क्रेडिट एजेंसी से "कोई बकाया नहीं प्रमाणपत्र" प्राप्त करने के बाद ही ऋण देंगे ।

(ग) बैंकों को वित्तपोषण के मानकों का पालन करना होगा और भारतीय रिज़र्व बैंक/नाबार्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार जमानत प्राप्त करनी होगी ।

1.1.1.2 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा नाबार्ड की "ऍग्रिक्लिनीक्स एण्ड ऍग्रिबिजनेस सेंटर्स" वित्तपोषण योजना के अंतर्गत दिए गए वित्त को कृषि प्रयोजनों के लिए सीधे किसानों को दिया गया वित्त पोषण माना जाएगा । इसे वार्षिक प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार विवरण में कृषि और कृषि सहायक कार्यकलापों के अंतर्गत दर्शाया जाना चाहिए ।

1.1.1.3 अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक कृषि कार्यों के लिए ऋण देने हेतु गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को उधार दे सकते हैं और ऐसे ऋणों को कृषि के लिए अप्रत्यक्ष ऋण के रूप में प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम के प्रयोजन के लिए हिसाब में लिया जाएगा ।

1.1.1.4 ड्रप सिंचाई, छिड़काव सिंचाई पद्धति एवं कृषि मशीनरी में लेनदेन करने के लिए बैंकों द्वारा प्रति डीलर 20 लाख रूपये तक के ऋण को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र ऋण के एक भाग के रूप में कृषि के लिए अप्रत्यक्ष ऋण के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा और भारतीय रिज़र्व बैंक को भेजे जानेवाले वार्षिक विवरण में इस शीर्ष के अंतर्गत सूचित किया जाएगा ।

1.1.2 **कृषि सहायक कार्यकलापों के लिए व्यक्तियों को अग्रिम**

प्राथमिक सहकारी बैंकों के सदस्यों द्वारा किए जा रहे क्रिया कलापों में निम्नलिखित कृषि सहायक क्रिया कलाप शामिल होंगे :

1.1.2.1 डेअरी और पशुपालन विकास।

1.1.2.2 मत्स्य पालन विकास।

1.1.2.3 मुर्गी, सुअरपालन आदि विकास।

1.1.2.4 घोड़ा पालन, मधुमख्खी पालन, रेशम पालन आदि का विकास और रखरखाव । तथापि रेसवाले घोड़ों के पालन को इसमें वर्गीकृत नहीं किया जा सकता।

1.1.2.5 बैलगाड़ी, उँट गाड़ी, बोझ ढोनेवाले पशुओं आदि की खरीद।

1.1.2.6 मुर्गी का खाद्य, पशुओं का चारा आदि जैसे सहायक कार्यकलापों के लिए निवेश का वितरण।

**1.2 ऊर्जा के नए एवं नवीकरणीय स्रोतों आदि के विकास के लिए लघु औद्योगिक इकाइयां, उपस्कर/प्रणाली**

1.2.1 **लघु और सहायक उद्योग**

1.2.1.1 लघु औद्योगिक इकाइयां वे हैं जो माल के निर्माण/अभिसंस्करण/परीक्षण/टायर रिट्रेडिंग (ठंडी/गर्म प्रक्रिया के जरिए) कार्यकलापों/कॉफी संसाधन और अभिसंस्करण (कॉफी उगाना शामिल नहीं) जल चक्की के निर्माण के कारोबार में लगी है और संयंत्र और मशीनरी में जिनका निवेश 100 लाख रुपये से अधिक नहीं है ।

सहायक उद्योग वह औद्योगिक उपक्रम हैं जो छुट्टे पुर्जे तैयार करने/पुर्जों/उपस्करों का उत्पादन करने, सब एसेंबलिंग करने, औजार बनाने या बिचौलियागिरी करने/सेवाएं प्रदान करने - आदि में लगी हैं या प्रस्तावित हैं और आपूर्ति कर्ता हैं या उस रूप में प्रस्तावित हैं और जो अपने उत्पादन या सेवाओं का जैसी भी स्थिति हो, 50% से अनधिक, एक या अधिक अन्य औद्योगिक उपक्रमों को प्रदान करती हैं और संयंत्र और मशीनरी जैसी अचल आस्तियों में जिनका निवेश 100 लाख रूपये से अधिक नहीं है । इन उद्योगों को लघु उद्योग के अंतर्गत शामिल किया जाता है ।

नोट : ऊपर बताया गया कोई भी लघु उद्योग और सहायक उद्योग अन्य किसी भी औद्योगिक उपक्रम का सहायक नहीं होगा /के स्वामित्व या नियंत्रण में नहीं होगा ।

**छूट**

(क) 24.12.1999 से पहले स्थापित वे लघु औद्योगिक इकाइयां, संयंत्र और मशिनरी में जिनका निवेश 300 लाख रूपये तक है और उन्हें 10 दिसंबर 1997 की भारत सरकार की अधिसूचना सं.एसओ.857 (ई)के अनुसार लघु उद्योग का दर्जा दिया गया था या वे इकाइयां जिन्हें लघु उद्योग दर्जा दिए जाने के कारण जिन्हें राज्य प्राधिकारियों से अंनंतिम पंजीकरण प्राप्त हो गया है, 24 दिसंबर 1999 के आदेश के बावजूद लघु औद्योगिक इकाइयां बनी रहेंगी बशर्ते 10 दिसंबर 1997 के आदेश में निर्दिष्ट 180 दिनों की सीमा के भीतर अंनंतिम पंजीकरण करवा लिया गया हो । ऐसी इकाइयों को दिया गया कोई भी अग्रिम प्राथमिक्ताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत लघु उद्योग को दिया गया अग्रिम माना जाएगा ।

(ख) होजरी, हस्त औजारों, लेखन-सामग्री, दवाइयों और फार्मास्यूटिकल्स की कतिपय मदों तथा खेलकूद के सामानों की कतिपय मदों के निर्माण में लगे लघु उद्योगों की संयंत्र और मशीनरी में निवेश की अधिकतम सीमा को अनुबंध VI के अनुसार 100 लाख रूपये से बढ़ाकर 500 लाख रूपये कर दिया गया है ।

नोट : प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अग्रिम के अंतर्गत शामिल करने के लिए किसी लघु औद्योगिक इकाई का लघु औद्योगिक इकाई के रूप में पंजीकरण होना अनिवार्य नहीं है ।

**1.2.1.2 केवल लघु उद्योग क्षेत्र में विनिर्माण के लिए आरक्षित मदें**

वर्तमान में 29 सितंबर 2005 के परिपत्र शबैंवि.पीसीबी.सं.13/09.09.001/2005-06 के माध्यम से शहरी सहकारी बैंकों को अग्रेषित परिपत्र के अनुसार 28 मार्च 2005 तक केवल लघु उद्योग क्षेत्र में विनिर्माण के लिए आरक्षित 506 मदें हैं।

1.2.1.3 कुटीर और लघु उद्योग के व्यापक 22 ग्रुपों के अंतर्गत प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा वित्तंपोषित इकाइयों को जिनके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (4) (ग) के साथ पठित धारा 17 (2) (खख) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक से पुनर्वित्त उपलब्ध है, इस श्रेणी के अंतर्गत शामिल किया जाएगा । वे हैं -

| | |
|---|---|
| 1. | चमड़ा निकालना और तैयार करना |
| 2. | चमड़े की वस्तुएं |
| 3. | कुम्हारगिरी |
| 4. | धान और अन्न की हाथ से कुटाई |
| 5. | आटा चक्कियों तथा बेकरी सहित धान की मिलें |
| 6. | तेलघानी |
| 7. | पाम गुड़ |
| 8. | गन्ने का गुड़ एवं खांडसारी |
| 9. | फलों एवं सब्जियों की डिब्बाबंदी |
| 10. | पेय पदार्थ उद्योगों सहित कृषि एवं समुद्री उत्पादों तथा वन्य उत्पादों का विनिर्माण एवं प्रसंस्करण |
| 11. | बढ़ईगिरी तथा लोहारगिरी, मधुमख्खी पालन तथा शहद के उत्पादों जैसे अन्य ग्रामोद्योग |
| 12. | हस्तकला उद्योग |
| 13. | सामान्य अभियांत्रिकी |
| 14. | रासायनिक अभियांत्रिकी एवं रसायन उद्योग |
| 15. | भवन निर्माण सामग्री |
| 16. | रेशम उद्योग |
| 17. | नारियल जटा |
| 18. | करघा सोसायटियां |
| 19. | सूती कपड़ा वस्त्रोद्योग एवं अन्य वस्त्रोद्योग |
| 20. | मुद्रण, जिल्दसाजी तथा छपाई |
| 21. | आरा मशीन, काष्ठउद्योग तथा फर्नीचर एवं फिक्सचर, एवं |
| 22. | खेलकूद, बीड़ी, बटन, कार्ड बोर्ड, तथा अन्य कागज उत्पाद, वास्तविक एवं कृत्रिम रत्नों एवं पत्थरों की कटाई एवं चमकाई जैसे विविध उद्योग, ऊर्जा के नए नवीकरणीय स्त्रोतों के विकास हेतु उपस्कर/प्रणालियों का प्रयोग |

**1.2.1.4 ऊर्जा के नए और नवीकरणीय स्रोत**

इस श्रेणी में ऊर्जा के नए और नवीकरणीय स्रोतों के विकास के लिए उपस्करों/प्रणालियों के निर्माण और उपयोग में लगे लघु उद्योग कार्यकलाप शामिल हैं जो इस प्रकार हैं;

| | |
|---|---|
| 1. | फ्लैट प्लेट सौर संग्राहक |
| 2. | संकेंद्रित एवं नलिका प्रकार के संग्राहक |
| 3. | सौर कूकर |
| 4. | सौर वाटर हीटर तथा सिस्टम |
| 5. | वायु / गैस / द्रवतापी प्रणालियां |
| 6. | सौर प्रशीतक, शीत भंडारगृह तथा वातानुकूलित प्रणालियां |
| 7. | सौर फसल ड्रायर एवं प्रणालियां |
| 8. | सोलर स्टिल्स एवं डिसलाइन प्रणालियां |
| 9. | सौर तापीय तथा सौर फोटो वोल्टेटिक रुपांतरण |

| | |
|---|---|
| 10. | सौर ऊर्जा उत्पादक प्रणालियां |
| 11. | वाटर पंपिंग एवं अन्य प्रयोगों हेतु सौर फोटो वोल्टैटिक माड्यूल एवं पैनल |
| 12. | पवनचक्की तथा विशेष रुप से निर्मित यंत्र जो पवनचक्की से चालित हो |
| 13. | विद्युत जनित्रों सहित पवन ऊर्जा से चलनेवाला अन्य कोई विशेष उपकरण |
| 14. | बायो गेस संयंत्र तथा बायो गैस इंजिन |
| 15. | बैटरी चालित या इंधन सेल चालित वाहनों सहित विद्युत चालित वाहन |
| 16. | कृषि एवं नगरपालिक के कचरे के रुपांतरण के उपाय जिनसे ऊर्जा पैदा होती है |
| 17. | समुद्री तरंगों तथा तापीय ऊर्जा का उपयोग करने के लिए उपस्कर |
| 18. | उपर्युक्त में से किसी मद के विनिर्माण में प्रयुक्त मशीनरी एवं संयंत्र |

1.2.2 **कुटीर उद्योग, खादी और ग्रामीण उद्योग, कारीगर और अति लघु उद्योग**

1.2.2.1 कुटीर उद्योग, खादी और ग्रामीण उद्योग, कारीगर वे इकाइयां हैं जो उन कार्यकलापों के निर्माण, अभिसंस्करण, परिरक्षण और सेवा प्रदान करने में लगी हुई हैं जिनमें स्थानीय तौर पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन और/या मानवी कलाकौशल शामिल हैं जिन्हें लाभार्थी सामान्यत: अपने घरों में करते हैं ।

1.2.2.2 अति लघु उद्योग वे इकाइयां हैं जिनका संयंत्रों और मशीनरी में निवेश, 25 लाख रूपये है, उसकी अवस्थिति भले ही जहां कहीं हो ।

**1.2.3 लघु सेवा और व्यवसाय (उद्योग से संबंधित) उद्यम (एसएसएसबीई)**

1.2.3.1 लघु सेवा और व्यवसाय (उद्योग से संबंधित) उद्यम वे है जिनका, भूमि और भवन को छोडकर, अचल आस्तियों में निवेश 10 लाख रुपये है, उन्हें लघु सेवा और व्यवसाय उद्यमों के रुप में वर्गीकृत किया जाता है और प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत लघु उद्योग वर्ग में शामिल किया जाता है ।

1.2.3.2 लघु सेवा और व्यवसाय उद्यमों के लिए वर्तमान में पात्र और अपात्र क्रियाकलापों की सूची अनुबंध V में दी गई है ।

1.2.4 **खाद्य और कृषि आधारित प्रसंस्करण और वानिकी**

**1.2.4.1 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा ऋण और अग्रिम**

(क) बैंकों द्वारा खाद्य और कृषि आधारित उद्योगों को दिये गये ऋण को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाएगा ।

(ख) बैंकों द्वारा उधार के प्रयोजन के लिए वानिकी को भी प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत लाया गया है । बैंक इस क्षेत्र के विकास के लिए बैंकक्षम योजनाओं/वानिकी के अंतर्गत आनेवाले कार्यकलापों को वित्तपोषण प्रदान करने के अपने प्रयासों में तीव्रता लाएं ।

(ग) प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक उक्त दोनों क्षेत्रों को किए गए ऋण वितरण (केवल प्रत्यक्ष ऋण) की सूचना क्षेत्रीय कार्यालय को भेजी जानेवाली वार्षिक विवरणी में "कुटीर/लघु उद्योग को ऋण और अग्रिम" (सूचना प्रारूपों की मद 2) के अंतर्गत दें ।

**1.2.4.2 अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा ऋण और अग्रिम -**

(क) अति लघु क्षेत्र को उधार देने के लिए अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा एनबीएफसी या अन्य वित्तीय मध्यस्थियों को दिए गए ऋण को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाएगा ।

(ख ) कारीगरों, हथकरघा बुनकरों, आदि को अति लघु क्षेत्र के अंतर्गत ऋण देने के लिए लाइन ऑफ क्रेडिट के रुप मे हुडको को दिये गये बैंक वित्त को लघु औद्योगिक (अतिलघु) क्षेत्र को दिए गए अप्रत्यक्ष ऋण के रुप में वर्गीकृत किया जाए ।

एनबीएफसी/वित्तीय मध्यस्थियों/हुडको के माध्यम से अतिलघु क्षेत्र को ऋण प्रदान करते समय बैंक समुचित तंत्र विकसित करें ताकि इस बात से संतुष्ट होने पर कि अंतिम उधारकर्ता स्तर पर संबंधित मानदंडों अनुपालन किया गया है तथा बैंक में कड़ा वित्तीय अनुशासन रखा जाता है तथा निधियों का अंत्य उपयोग सुनिश्चित किया जाता है यह सुनिश्चित किया जा सके कि बैंक ऋण को समुचित रूप से प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

(ग) अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा उक्त मदों के अंतर्गत वितरित ऋण को एक अलग उपशीर्ष "कुटीर/लघु उद्योग को ऋण और अग्रिम" (रिपोर्टिंग फार्मेट की मद सं. 2) के अंतर्गत सूचित किया जाए ताकि इन संस्थाओं को आगे ऋण दिए जाने संबंधी जानकारी केंद्रीय/क्षेत्रीय कार्यालय में तत्काल उपलब्ध रहे ।

**1.2.5 अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंकों द्वारा पट्टेदारी और किराया खरीद**

चुनी गई शाखाओं में विभागीय स्तर पर अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा लघु औद्योगिक क्षेत्र को दी गई लीजिंग और किराया खरीद को लघु उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाए बशर्ते लाभार्थी इन अग्रिमों को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम माने जाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों को और इस विषय पर अन्य मापदंडों को पूरा करता हो।

**1.3 छोटे सड़क और जलमार्ग परिचालकों को अग्रिम**

1.3.1 ऐसे छोटे सड़क और जलमार्ग परिचालकों को जिनके पास (वित्तपोषण के लिए प्रस्तावित वाहन सहित) छ: से अधिक वाहन नहीं हैं ऐसे प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों द्वारा जिनकी मांग और मीयादी देयताएं (डीटीएल) 25 करोड़ रुपये है, दिए गए ऋण को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम माना जाएगा ।

1.3.2 ऐसे छोटे सड़क और जलमार्ग परिचालकों को जिनके पास (वित्तपोषण के लिए प्रस्तावित वाहन सहित) 10 से अधिक वाहन नहीं है ऐसे प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों द्वारा जिनकी मांग और मीयादी देयताएं 25 करोड़ रुपये से अधिक है, दिए गए ऋण को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम माना जाएगा ।

1.3.3 छोटे सड़क और जलमार्ग परिचालकों को वित्त प्रदान करने के प्रयोजन से अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा ट्रकों के लिए वित्त प्रदान करने हेतु एनबीएफसी को दिए गए बैंक ऋण प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र ऋण माना जाएगा बशर्ते अंतिम उधारकर्ता (छोटे सड़क और जलमार्ग परिचालक) प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत वर्गीकृत किए जाने की पात्रता संबंधी अपेक्षाओं को पूर्ण करता है । बैंक को वित्तीय अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और निधियों का अंतिम उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए । एनबीएफसी को दिए गये ऋणों की सूचना भारतीय रिज़र्व बैंक को भेजी जानेवाली वार्षिक विवरणी मे अलग उप शीर्ष के अंतर्गत अनुबंध 4, भाग I और II में क्रम सं. 3 (ii) के सामने दी जानी चाहिए ।

एनबीएफसी को ऋण देने के बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 21 अक्तूबर 1994 के परिपत्र सं.शबैंवि. डीएस.पीसीबी. 25/13.05.00/94-95 और 24 मई 1996 के परिपत्र शबैंवि.डीएस.पीसीबी. परि.63/13.05.00/95-96 में निहित अनुदेश अपरिवर्तित रहेंगे ।

## 1.4 खुदरा व्यापारी

1.4.1 आवश्यक घरेलू वस्तुओं (उचित मूल्य की दुकानों) के लेनदेन करनेवाले निजी खुदरा व्यापारी को दिए अग्रिमों को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिमा माना जाएगा ।

1.4.2 अन्य निजी खुदरा व्यापारियों जिनकी ऋण सीमा 10 लाख रूपये से अधिक नहीं है उन्हें प्राथमिकताप्राप्त अग्रिम माना जाएगा ।

## 1.5 छोटे कारबारवाले उद्यम

1.5.1 व्यक्ति और फर्मों सहित ऐसे छोटे कारबारवाले उद्यम जो व्यावसायिक सेवाओं से इतर सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए है और जिनकी उपकरणों की कुल लागत कार्यशील पूंजी की किसी उच्चतम सीमा के बिना 20 लाख रूपये से अधिक नहीं है । बैंक किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों की जरूरतों के आधार पर कार्यशील पूंजी की अलग-अलग सीमाएं निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र है । ऐसे छोटे कारबारी उद्यमों की एक सूची नीचे प्रस्तुत की गई है ।

1.5.1.1 कमिशन के आधार पर माल बेचने वाले एजेंट

1.5.1.2 बुकिंग, क्लिअरिंग एवं फॉरवर्डिंग एजेंट

1.5.1.3 इस्टेट एजेंट

1.5.1.4 छापखाना और प्रकाशन गृह आदि

1.5.1.5 हेअर ड्रेसिंग सलून

1.5.1.6 रेस्टॉरेंट, होटल, कैंटीन आदि

1.5.1.7 ऑटोमोबाइल, एअरकंडिशनिंग एवं रेफ्रिजरेशन उपकरण आदि जैसी विभिन्न प्रकार की मशीनों की सर्विसिंग और दुरूस्ती इस क्षेत्र में ऊपर पैरा 1.2.3 मे बताए गए एसएसएसबीई शामिल नहीं हैं ।

## 1.6 व्यवसायी एवं स्वनियोजित व्यक्ति

1.6.1 व्यवसायी एवं स्वनियोजित व्यक्ति वे हैं जिनकी उधार लेने की सीमा 10 लाख रूपये से अधिक नहीं है और उसमें से 2.00 लाख रूपये से अनधिक राशि कार्यशील पूंजी के लिए होनी चाहिए । जिन कार्यकलापों में व्यक्ति का, उस अकेले के परिवार सदस्यों का कलाकौशल या श्रम लगता है उन्हें इस श्रेणी या व्यक्तियों में शामिल किया जाएगा । इन व्यक्तियों को दिए ऋणों में उपस्कर खरीदने, दुरुस्त करने या मौजूदा उपस्करों को नवोन्मेषी बनाने और/या कारबार परिसर खरीदने या दुरुस्त करने, या औजार खरीदने और/या दंत चिकित्सकों सहित मेडिकल प्रेक्टीशनरों, सनदी लेखापालों, वास्तुविदों, सर्वेयरों भवन निर्माताओं या प्रबंध परामर्शदाताओं, वकीलों, सॉलीसीटरों, इंजिनीयरों, परामर्शदाताओं, या ऐसे किसी व्यक्ति को जो किसी कला में प्रशिक्षित हों, उसके पास किसी ऐसी संस्था की डिग्री या डिप्लोमा हो, जो सरकार द्वारा स्थापित हो, उसे आर्थिक सहायता मिलती हो और वह सरकार मान्य हो, या कोई ऐसा व्यक्ति जिसे बैंक ने उस क्षेत्र में जिससे में वह जुड़ा हुआ है, तकनीकी रुप से योग्य या कुशल मान लिया हो/को दिए गए अग्रिम शामिल हैं । तथापि, अर्ध शहरी और ग्रामीण इलाके में प्रेक्टिस करनेवाले योग्य मेडिकल प्रेक्टिशनरों के मामलों में सकल उधार सीमा 15.00 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए

और उसमें से 3.00 लाख रूपये कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए होनी चाहिए । आगे, किसी योग्य मेडिकल प्रेक्टिशनर को उक्त सीमा के अंदर एक मोटर कार खरीदने के लिए दिया गया अग्रिम प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम माना जाने के लिए पात्र होगा ।

1.6.2 योग्य मेडिकल प्रेक्टिशनर को छोड़कर कार, मोटर वाहन खरीदने के लिए व्यावसायियों और स्वनियोजित व्यक्तियों को ऊपर बताई गई सीमा और रीति से दिया गया ऋण प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम नहीं माना जाएगा ।

1.6.3 सॉफ्टवेयर व्यवसायियों को दिया गया 10.00 लाख रूपये तक का ऋण इस श्रेणी के अंतर्गत शामिल किया जाएगा ।

1.6.4 इसके अलावा, निम्नलिखित श्रेणी के व्यक्तियों को दिए गए सभी अग्रिम स्व-नियोजित व्यक्तियों को दिए गए अग्रिम माने जाएंगे ।

| | |
|---|---|
| • जेरॉक्स आपरेटर | • हथकरघा बुनकर |
| • छोटी चाय की दुकान का मालिक | • दूध इकट्ठा करनेवाले |
| • सुतार/बढ़ई | • बाँस वर्कर |
| • नलसाज | • रजाई बनानेवाले |
| • लांडरर्स | • लेस कारीगर |
| • सब्जी/फल/अंडे/मछली बेचनेवाले | • हैंड ब्लॉक प्रिंटर |
| • फेरीवाले | • नए कपड़े बनानेवाले |
| • हाथगाड़ी खींचनेवाले | • पुराने और पहने हुए कपड़े बेचनेवाले आदि |

## 1.7 शैक्षणिक ऋण

1.7.1 शैक्षणिक ऋण में शिक्षा के प्रयोजनके लिए व्यक्तियों को दिए गए ऋण और अग्रिम शामिल हैं जब कि संस्थाओं को दिए गए ऋण शामिल नहीं हैं । इसमें इस प्रयोजन के लिए विशेष योजना यदि कोई हों, के अंतर्गत दिए सभी अग्रिम शामिल हैं ।

## 1.8 आवास ऋण

1.8.1 भवन निर्माण, उसके परिवर्धन, फेरबदल, मरम्मत आदि के लिए निम्नानुसार दिए गए ऋणों को आवास ऋण के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा :

1.8.2 स्थान पर विचार किए बिना व्यक्तियों को बैंकों द्वारा दिए गए अधिकतम 15 लाख रुपये के आवास ऋण को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण के एक भाग के रूप में माना जाएगा। उधारकर्ता को दिए गए 15 लाख रुपये से अधिक ऋण को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण नहीं माना जाएगा।

1.8.3 बैंकों द्वारा ग्रामीण तथा अर्ध शहरी क्षेत्रों में भवनों की मरम्मत, उसके परिवर्धन, फेरबदल आदि के लिए वयैक्तिक उधारकर्ताओं को मंजूर किए गए 1 लाख रुपये तक के ऋणों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम के रूप में माना जाएगा।

1.8.4 पूर्णत: अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभार्थ मकान बनाने के लिए किसी सरकारी एजेंसी को दी गई वित्तीय सहायता जहां ऋण का हिस्सा प्रति इकाई 5 लाख रूपये से अधिक न हो और झुग्गी झोपड़ियों को हटाने और वहां के निवासियों के पुनर्वास के लिए दिए गए सभी अग्रिमों को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम एवं कमजोर वर्ग अग्रिम माना जाएगा ।

1.8.5 सरकारी एजेंसियों के अलावा, पुनर्वित्त के लिए राष्ट्रीय आवास बोर्ड द्वारा अनुमोदित गैर सरकारी एजेंसियों को दी गई वित्तीय सहायता सरकारी एजेंसियों के लिए यथालागू , सभी श्रेणी के उधारकर्ताओं के लिए भी प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम के लिए पात्र होगी ।

1.8.6 प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों द्वारा 1 अप्रैल 2007 या उसके बाद राष्ट्रीय आवास बैंक/हुडको द्वारा जारी बांडों में किया गया निवेश प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण के अंतर्गत वर्गीकृत करने के लिए पात्र नहीं है।

1.9 **उपभोक्ता ऋण**

1.9.1 उपभोक्ता ऋण में सामान्य उपभोग, चिकित्सा खर्चों, वैवाहिक उत्सवों, अंतिम संस्कारों, जन्मदिन, धर्मोत्सवों आदि के लिए प्रति व्यक्ति 1000/- रूपये से अनधिक का ऋण शामिल है ।

**1.10 साफ्टवेयर उद्योग के लिए ऋण और अग्रिम**

1.10.1 बैंकिंग प्रणाली से एक करोड़ रूपये तक की ऋण सीमावाले साफ्टवेअर उद्योग को दिए गए ऋण प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र में शामिल करने के लिए पात्र होगा ।

1.10.2 साफ्टवेयर व्यवसायियों को दिय गये 10 लाख रूपये तक के ऋणों को पैरा 1.6.3 में बताए गए अनुसार "व्यवसायियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों" की श्रेणी में शामिल और सूचित किया जाएगा । साफ्टवेयर उद्योग को दिए गए अग्रिमों को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिमों को वार्षिक विवरण में एक अलग शीर्ष "साफ्टवेयर उद्योग" में सूचित किया जाए ।

2. **कमजोर वर्ग**

2.1 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सीमा तक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को दिए गए सभी अग्रिम ।

2.2 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को छोड़कर सभी लाभार्थियों को श्रेणी 1.1 से 1.6 के अंतर्गत दिए गए 50,000/- रूपये से अनधिक अग्रिम ।

2.3 सड़क और जलमार्ग परिचालकों को साइकिल, रिक्शा, ऑटो रिक्शा, छोटी नाव आदि खरीदने और उनकी मरम्मत करने और कल पुर्जे बदलने के लिए 50,000/- रूपये तक के अग्रिम ।

2.4 शैक्षणिक ऋण के संबंध में उन व्यक्तियों को दिए गए अग्रिम जिनकी मासिक आय 2000/- रूपये से अधिक नहीं है ।

2.5 पूर्णत: अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभार्थ मकान बनाने के लिए किसी सरकारी एजेंसी को दी गई वित्तीय सहायता जहां ऋण का हिस्सा प्रति इकाई 5 लाख रूपये से अधिक न हो और झुग्गी झोपड़ियों को हटाने और वहां के निवासियों के पुनर्वास के लिए दिए गए सभी अग्रिमों को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम एवं कमजोर वर्ग अग्रिम माना जाएगा ।

2.6 सरकारी एजेंसियों के अलावा, कमजोर वर्ग को पुनर्वित्त (आवास वित्त) के लिए राष्ट्रीय आवास बोर्ड द्वारा अनुमोदित गैर सरकारी एजेंसियों को दी गई वित्तीय सहायता सरकारी एजेंसियों के लिए यथालागू , सभी श्रेणी के उधारकर्ताओं के लिए भी प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम तथा कमजोर वर्ग अग्रिम के लिए पात्र होगी।

# अनुबंध - II

## अल्पसंख्यक समुदाय के कारीगरों, शिल्पियों, सब्जी विक्रेताओं गाड़ी खीचनेवालों, चर्मकारों आदि के लिए प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रवाह का विवरण (देखें पैरा 4.2)

शहरी सहकारी बैंक का नाम --------------------------

31 मार्च (वर्ष) / 30 सितंबर (वर्ष) -------- को समाप्त अर्द्ध वर्ष का विवरण

(लाख रुपये में)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल बकाया अग्रिम | | प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिए गए कुल अग्रिम | | प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों की तुलना में प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय को दिए गए अग्रिमों का % | |

| क्र.स. | श्रेणी | मार्च/ सितंबर को समाप्त पिछले वर्ष के अंत में बकाया राशि | | नए वितरित ऋण | | | समीक्षाधीन अर्ध वर्ष के अंत में बकाया राशि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उधारकर्ताओं की संख्या | राशि (रुपये) | उधारकर्ताओं की संख्या | राशि (रुपये) | वितरित राशि (रुपये) | उधारकर्ताओं की संख्या | राशि (रुपये) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सिख | | | | | | | |
| 2 | मुस्लिम | | | | | | | |
| 3 | इसाई | | | | | | | |
| 4 | जोरोस्ट्रीयन | | | | | | | |
| 5 | बौद्ध | | | | | | | |
| | **कुल** | | | | | | | |

## अनुबंध - III

## बैंक के निदेशक मंडल को प्रस्तुत किया जानेवाला ज्ञापन
## देखें पैरा 5.2

***प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम - अर्द्धवार्षिक***
***समीक्षा. . . . . . . . . . . . . की स्थिति***

I. 1. बैंक का नाम

2. स्थान

3. राज्य

4. शाखाओं की संख्या

की स्थिति
**(हजार रुपये)**

| विवरण | समाप्त पिछले वर्ष की छमाही | समाप्त पूर्व वर्ष की छमाही | चालू वर्ष की समाप्त छमाही |
|---|---|---|---|
| II. 1. कुल जमाराशियां | | | |
| 2. कुल उधार | | | |
| 3. कुल ऋण और अग्रिम | | | |
| 4. ऋणजमा अनुपात | | | |
| III. 1. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत कुल ऋण और अग्रिम | | | |
| 2. प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत कमजोर वर्ग को कुल ऋण और अग्रिम | | | |
| 3. ऊपर मद (II के 3 ) का मद (III के 1) में प्रतिशत | | | |
| 4. ऊपर मद (III के 2) का मद (III के 1) में प्रतिशत | | | |
| 5. बैक की कुल अतिदेयताएं * | | | |
| 6. प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत अतिदेय * | | | |
| 7. प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत कमजोर वर्ग के अंतर्गत अतिदेय * | | | |

IV. प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत ऋण और अग्रिमों का क्षेत्रवार ब्रेक-अप

1. कृषि एवं कृषि सहायक कार्यकलापों के लिए अग्रिम
2. कुटीर/लघु उद्योग आदि को ऋण और अग्रिम
3. वाहन खरीदने के लिए सड़क /मोटर परिवहन परिचालकों को अग्रिम
4. खुदरा व्यापारी
5. लघु उद्यम
6. व्यवसायी और स्व-नियोजित व्यक्ति
7. शैक्षणिक
8. आवास ऋण
9. उपभोक्ता आदि ऋण
10. साफ्टवेअर उद्योग को ऋण और अग्रिम

V. 1. जहां प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र / कमजोर वर्गों के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नही किया गया, उसके कारण

2. किसी उप समूह विशेष के लिए ऋण और अग्रिम पर ध्यान केंद्रित किया गया, उसके कारण
3. प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र / कमजोर वर्ग के अंतर्गत कार्य-निष्पादन में सुधार के सुझाव
4. निदेशक मंडल के प्रेक्षण और कार्य-निष्पादन में सुधार और उसके कार्यान्वयन के लिए निर्णीत कार्रवाई

* कृपया कोष्ठक में प्रतिशत दर्शाएं

तारीख म.प्र./मु.का.अ. अध्यक्ष

## *प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्ग को उधार के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जानेवाली वार्षिक विवरणी का प्रोफार्मा*

### प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को अग्रिम

(देखें पैरा 6.1)

**भाग - I**

बैंक का नाम :

विवरणी की तारीख : 31 मार्च

बैंक के कुल अग्रिम

----------- को बकाया (विवरणी की तारीख)

प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

कुल प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम

कुल अग्रिमों में प्राथमिकताप्राप्त  क्षेत्र अग्रिमों का %

कुल कमजोर क्षेत्र अग्रिम

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम में कमजोर वर्ग अग्रिमों का %

(लाख रूपये में)

